# विज्ञापन सं. PF-05/2026 dated: 12.06.2026

**ऑनलाइन साक्षात्कार / प्रत्यक्ष साक्षात्कार**

सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अंतर्गत स्थापित इलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है। संस्थान में संचालित विभिन्न परियोजनाओं के लिए पूर्णतः अस्थायी आधार पर निम्नलिखित परियोजना स्टाफ पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पूर्व "आवेदन संबंधी निर्देश" ध्यानपूर्वक पढ़ लें।**

**परियोजना स्टाफ की नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

## रिक्तियों एवं पात्रता का विवरण

| पद कोड | परियोजना संख्या व शीर्षक | शोध क्षेत्र/समूह | नाम तथा पदों की संख्या | अनिवार्य योग्यता - ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि अर्थात 25.06.2026 तक | आयु | समेकित मासिक मानदेय (नियत) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3388 | GAP-3143 & **स्वदेशी गैर-संपर्क (mmWave) आधारित नदी जल-स्तर तथा वेग/प्रवाह निगरानी प्रणाली का विकास** | सीएसआईआर-सीरी जयपुर परिसर | जेआरएफ 01 | इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>अथवा<br>इलेक्ट्रॉनिक्स में एम.एससी. अथवा समकक्ष। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी का निम्नलिखित में से किसी एक माध्यम से चयनित होना आवश्यक है :<br><br>(क) सीएसआईआर-यूजीसी नेट (लेक्चरशिप/सहायक आचार्य सहित) अथवा गेट जैसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएँ; अथवा<br><br>(ख) केंद्र सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, शिक्षा मंत्रालय, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएँ। | 30 वर्ष<br><br>**नोट :** अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग अभ्यर्थियों एवं महिलाओं को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। | रु. 37,000/- +HRA |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| 3389 | GAP-3144<br>&<br>हाइड्रो-मौसम विज्ञान प्रणालियों में इन-सीटू सेंसर स्वास्थ्य, शक्ति प्रबंधन एवं घुसपैठ संसूचन | सीएसआईआर-सीरी<br>जयपुर परिसर | जेआरएफ<br>01 | इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>अथवा<br>इलेक्ट्रॉनिक्स में एम.एससी. अथवा समकक्ष। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी का निम्नलिखित में से किसी एक माध्यम से चयनित होना आवश्यक है :<br><br>(क) सीएसआईआर-यूजीसी नेट (लेक्चरशिप/सहायक आचार्य सहित) अथवा गेट जैसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएँ; अथवा<br><br>(ख) केंद्र सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, शिक्षा मंत्रालय, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएँ। | 30 वर्ष<br><br>**नोट :** अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग अभ्यर्थियों एवं महिलाओं को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।. | रु. 37,000/- +HRA |
| 3390 | GAP-3250<br>&<br>विद्युत वाहनों हेतु वाइड-बैंडगैप अर्धचालकों पर आधारित उच्च दक्षता वाले पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणालियों का विकास<br><br>WP: 2.1<br>वाइड-बैंडगैप आधारित ईवी इन्वर्टर, मोटर ड्राइव (400 V-1500 V) तथा एकीकृत सुरक्षा नियंत्रण ढाँचे का विकास | उच्च-शक्ति माइक्रोवेव प्रणालियाँ समूह (एचपीएमएसजी) | जेआरएफ<br>01<br><br>JRF<br>&<br>01<br><br>नोट : यदि जेआरएफ अभ्यर्थी नहीं मिलता है तो **प्रोजेक्ट एसोसिएट-I / प्रोजेक्ट एसोसिएट-II** लिए जा सकते हैं। | **जेआरएफ हेतु :**<br>इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक./एम.ई./एम.टेक.।<br><br>इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी का निम्नलिखित में से किसी एक माध्यम से चयनित होना आवश्यक है :<br><br>(क) सीएसआईआर-यूजीसी नेट (लेक्चरशिप/सहायक आचार्य सहित) अथवा गेट जैसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएँ; अथवा<br><br>(ख) केंद्र सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, शिक्षा मंत्रालय, आईसीएआर, आईसीएमआर, | 35 वर्ष<br><br>**जेआरएफ हेतु :**<br>30 वर्ष<br><br>**नोट :** अपिव (नॉन-क्रीमी लेयर), अजा, अजजा, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग अभ्यर्थियों एवं महिलाओं को आयु सीमा में 5 वर्ष की | जेआरएफ:<br>रु. 37,000/-<br>या<br>प्रोजेक्ट एसोसिएट- I: रु. 30,000/- तथा प्रोजेक्ट एसोसिएट - II: रु. 33,000/-<br>+<br>HRA<br><br>ANRF/OM/N-01/2024 के अनुसार |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएँ।<br><br>अथवा<br><br>**प्रोजेक्ट एसोसिएट-I हेतु :**<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक.।<br><br>अथवा<br><br>**प्रोजेक्ट एसोसिएट-II हेतु :**<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक. तथा औद्योगिक/शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान एवं विकास कार्य, वैज्ञानिक गतिविधियों एवं सेवाओं में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br><br>अथवा<br><br>इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में मास्टर/एकीकृत मास्टर डिग्री। | छूट प्रदान की जाएगी। | |
| 3391 | GAP-3250<br>&<br>विद्युत वाहनों हेतु वाइड-बैंडगैप अर्धचालकों पर आधारित उच्च दक्षता वाले पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणालियों का विकास<br><br>WP: 4.2<br>उच्च आवृत्ति इन्वर्टर के | उच्च-शक्ति माइक्रोवेव प्रणालियाँ समूह **(एचपीएमएसजी)**<br><br>High-Power Microwave Systems Group (HPMSG) | एसआरएफ : 1<br>जेआरएफ :1<br><br>नोट 1 : यदि एसआरएफ अभ्यर्थी नहीं मिलता है तो जेआरएफ, **प्रोजेक्ट एसोसिएट-I /** | **एसआरएफ हेतु :**<br>दो वर्ष के अनुसंधान अनुभव सहित जेआरएफ।<br><br>**जेआरएफ हेतु :**<br>इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स | 35 वर्ष<br><br>**एसआरएफ हेतु :**<br>32 वर्ष<br><br>**नोट :**<br>अजा, अजजा, | एसआरएफ:<br>रु. 42,000/-<br>या<br>जेआरएफ :<br>रु. 37,000/-<br>or<br>प्रोजेक्ट एसोसिएट - I:<br>रु. 30,000/- और |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मॉड्यूलर कन्वर्टर आर्किटेक्चर का विकास<br><br>GAP-3250<br>&<br>Development of wide-bandgap semiconductors based highly efficient power electronics systems for Electric Vehicle<br>**WP: 4.2:** Development of Modular Converter Architecture of High Frequency Inverter | | **प्रोजेक्ट एसोसिएट-II** लिए जा सकते हैं।<br><br>नोट 2 : यदि जेआरएफ अभ्यर्थी नहीं मिलता है तो परियोजना सहायक - 1 / परियोजना सहायक -II लिए जा सकते हैं। | एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक./एम.ई./एम.टेक.।<br><br>इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी का निम्नलिखित में से किसी एक माध्यम से चयनित होना आवश्यक है :<br><br>(क) सीएसआईआर-यूजीसी नेट (लेक्चरशिप/सहायक आचार्य सहित) अथवा गेट जैसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएँ; अथवा<br>(ख) केंद्र सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, शिक्षा मंत्रालय, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएँ।<br><br>अथवा<br><br>**प्रोजेक्ट एसोसिएट-I हेतु :**<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक.।<br><br>अथवा<br><br>**प्रोजेक्ट एसोसिएट-II हेतु :**<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक. तथा औद्योगिक/शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान एवं विकास, वैज्ञानिक गतिविधियों एवं सेवाओं में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। | दिव्यांगजन, तृतीय लिंग अभ्यर्थियों एवं महिलाओं को आयु सीमा में 5 वर्ष तथा अपिव (नॉन-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।<br><br>**जेआरएफ हेतु :**<br>30 वर्ष<br><br>**नोट :**<br>अजा, अजजा, अपिव (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांगजन, तृतीय लिंग अभ्यर्थियों एवं महिलाओं को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। | प्रोजेक्ट एसोसिएट - II: रु. 33,000/-<br>+<br>HRA<br>ANRF/OM/N-01/2024 के अनुसार |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अथवा<br><br>इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में मास्टर/एकीकृत मास्टर डिग्री। | | |
| 3392 | GAP-3250<br>&<br>विद्युत वाहनों हेतु वाइड-बैंडगैप अर्धचालकों पर आधारित उच्च दक्षता वाले पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणालियों का विकास<br><br>WP: 4.3<br>स्थिति निगरानी एवं स्वास्थ्य प्रबंधन सहित DC-DC कन्वर्टर्स तथा ऑनबोर्ड चार्जर्स की मॉड्यूलर आर्किटेक्चर का विकास | उच्च-शक्ति माइक्रोवेव प्रणालियाँ समूह (एचपीएमएसजी) | एसआरएफ<br>01<br>**नोट 1 :** यदि एसआरएफ अभ्यर्थी नहीं मिलता है तो जेआरएफ, **प्रोजेक्ट एसोसिएट-I / प्रोजेक्ट एसोसिएट-II**लिए जा सकते हैं। | **एसआरएफ हेतु :**<br>दो वर्ष के अनुसंधान अनुभव सहित जेआरएफ।<br><br>**जेआरएफ हेतु :**<br>इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक./एम.ई./एम.टेक.।<br><br>इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी का निम्नलिखित में से किसी एक माध्यम से चयनित होना आवश्यक है :<br><br>(क) सीएसआईआर-यूजीसी नेट (लेक्चरशिप/सहायक आचार्य सहित) अथवा गेट जैसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षाएँ;<br>अथवा<br><br>(ख) केंद्र सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, शिक्षा मंत्रालय, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएँ।<br><br>अथवा<br><br>**प्रोजेक्ट एसोसिएट-I हेतु :**<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स | 35 वर्ष<br><br>**एसआरएफ हेतु :**<br>32 वर्ष<br><br>**नोट :** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग अभ्यर्थियों एवं महिलाओं को आयु सीमा में 5 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।<br><br>**जेआरएफ हेतु :** | एसआरएफ:<br>रु. 42,000/-<br>या<br>जेआरएफ :<br>रु. 37,000/-<br>या<br>प्रोजेक्ट एसोसिएट - I: Rs. 30,000/- और प्रोजेक्ट एसोसिएट - II: रु. 33,000/-<br>+<br>HRA<br>ANRF/OM/N-01/2024 के अनुसार |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक.।<br><br>अथवा<br><br>**प्रोजेक्ट एसोसिएट-II हेतु :**<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक. तथा औद्योगिक/शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान एवं विकास, वैज्ञानिक गतिविधियों एवं सेवाओं में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br><br>अथवा<br><br>इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष विषय में मास्टर/एकीकृत मास्टर डिग्री। | 30 वर्ष<br><br>**नोट :** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांगजन, तृतीय लिंग अभ्यर्थियों एवं महिलाओं को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। | |
| 3393 | MMP-015201<br>&<br>एफएमसीडब्ल्यू राडार हेतु सिग्नल प्रोसेसिंग एल्गोरिद्म का विकास | उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी समूह (एआईटीजी) | **प्रोजेक्ट एसोसिएट-**I / **प्रोजेक्ट एसोसिएट-II**<br>01<br><br>नोट: निधि उपलब्ध होने के उपरांत ही नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। | **प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (PAT-I)**<br><br>**अनिवार्य योग्यता :**<br>कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (CSE)/सूचना प्रौद्योगिकी (IT)/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ECE)/रोबोटिक्स/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EE)/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EEE)/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग/मैकेनिकल इंजीनियरिंग/रोबोटिक्स एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक.<br>अथवा<br>इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर साइंस/सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में | 35 वर्ष | प्रोजेक्ट एसोसिएट-I के लिए :<br>Rs. 31,000/-<br>या<br>Rs. 25,000/-<br><br>प्रोजेक्ट एसोसिएट-II के लिए:<br>रु. 35,000/-या<br>रु. 28,000/- |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एम.एससी.। <br><br> **प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (PAT-II)** <br><br> **अनिवार्य योग्यता :** <br><br> (I) कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (CSE)/सूचना प्रौद्योगिकी (IT)/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ECE)/रोबोटिक्स/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EE)/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EEE)/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग/मैकेनिकल इंजीनियरिंग/रोबोटिक्स एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग अथवा समकक्ष विषय में बी.ई./बी.टेक. <br> अथवा <br> इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर साइंस/सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में एम.एससी.। <br><br> तथा <br><br> सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, सूचना प्रौद्योगिकी (IT), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म एवं डीप लर्निंग एल्गोरिद्म (पाइथन का डोमेन ज्ञान सहित) के क्षेत्रों में औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान एवं विकास तथा वैज्ञानिक गतिविधियों एवं सेवाओं का दो वर्ष का अनुभव। <br><br> अथवा <br><br> (II) इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EEE)/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन/एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग/कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग/एम्बेडेड सिस्टम्स/सिग्नल प्रोसेसिंग/सॉफ्टवेयर सिस्टम्स अथवा समकक्ष विषय में एम.ई./एम.टेक./एम.एस.। | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **वांछनीय अनुभव :** सिग्नल प्रोसेसिंग, इमेज प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, एम्बेडेड सिस्टम, डेटा फ्यूजन में कार्य अनुभव एवं डोमेन ज्ञान तथा C++/Python का कार्यसाधक ज्ञान। | | |

*उपर्युक्त योग्यता रखने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास अनुभव नहीं है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। उन्हें PAT-I पद हेतु पात्र माना जाएगा।

**#PAT – I हेतु :**

(i) ₹31,000/- उन अभ्यर्थियों को, जिनका चयन निम्न माध्यमों से हुआ हो :
(क) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा - सीएसआईआर-यूजीसी नेट (लेक्चरशिप/सहायक आचार्य सहित) अथवा गेट;
अथवा
(ख) केंद्र सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, एमएचआरडी, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी एवं आईआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रक्रिया।

(ii) ₹25,000/- अन्य अभ्यर्थियों को, जो उपर्युक्त श्रेणी (i) के अंतर्गत नहीं आते हैं।

*** PAT – II हेतु :**

(i) ₹35,000/- उन अभ्यर्थियों को, जिनका चयन निम्न माध्यमों से हुआ हो :
(क) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा - सीएसआईआर-यूजीसी नेट (लेक्चरशिप/सहायक आचार्य सहित) अथवा गेट;
अथवा

(ख) केंद्र सरकार के विभागों एवं उनकी एजेंसियों/संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, एमएचआरडी, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी एवं आईआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रक्रिया।

(ii) ₹28,000/- अन्य अभ्यर्थियों को, जो उपर्युक्त श्रेणी (i) के अंतर्गत नहीं आते हैं।

**एसीएसआईआर पीएच.डी. (इंजीनियरिंग/IDDP) विद्यार्थियों हेतु**

1. जिन विद्यार्थियों के पास कोई फेलोशिप नहीं है, वे केवल उसी स्थिति में आवेदन कर सकते हैं जब उनके पीएच.डी. अनुसंधान का क्षेत्र संबंधित परियोजना के अनुसंधान क्षेत्र के अनुरूप हो। आवेदन करने से पूर्व पीएच.डी. विद्यार्थी को अपने पर्यवेक्षक(कों), परियोजना के प्रधान अन्वेषक (PI) तथा निदेशक की स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। इसकी स्कैन प्रति पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
2. जिन विद्यार्थियों को फेलोशिप प्राप्त हो रही है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

उपरोक्त योग्यताओं को पूर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात अभ्यर्थी को आवेदन पत्र का प्रिंटआउट सुरक्षित रखना होगा। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि एवं समय की सूचना ई-मेल/संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को "माइक्रोसॉफ्ट टीम्स" (MS Teams) के माध्यम से साक्षात्कार में सम्मिलित होना होगा। अभ्यर्थियों को एमएस टीम्स में अतिथि (Guest) के रूप में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी, जिसके लिए लिंक उनके पंजीकृत ई-मेल पर भेजा जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे चयन के तुरंत बाद कार्यभार ग्रहण करें तथा जॉइनिंग के समय आवेदन पत्र, अंकतालिकाएँ, प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट आकार का फोटो सहित सभी मूल दस्तावेज साथ लाएँ। ऐसा न करने पर उनकी नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **भर्ती संबंधी पूछताछ के लिए :**<br>श्री संजय खंगार<br>अनुभाग अधिकारी<br>सीएसआईआर-सीरी, पिलानी<br>**ईमेल :**<br>**temp.recruitment.ceeri@csir.res.in**<br>**Phone: 01596-252275** | **तकनीकी पूछताछ के लिए:**<br>श्री जगमोहन पाठक<br>उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी समूह<br>सीएसआईआर-सीरी, पिलानी<br>ईमेल**: pathajt.ceeri@csir.res.in**<br>**Phone: 01596-252282** |

**आवेदन कैसे करें :**

सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट पर उपलब्ध "प्रोजेक्ट स्टाफ भर्ती" पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**अथवा**

इस विज्ञापन में सारणी से पूर्व नीले रंग में दिए गए लिंक का उपयोग करें।

**अन्य शर्तें :**

1. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में सीएसआईआर-सीरी अथवा सीएसआईआर की किसी अन्य प्रयोगशाला/संस्थान में प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (PAT-I), प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (PAT-II), सीनियर PAT, जूनियर रिसर्च फेलो (JRF), सीनियर रिसर्च फेलो (SRF), प्रोजेक्ट असिस्टेंट-I अथवा प्रोजेक्ट असिस्टेंट-II के रूप में कुल 6 वर्ष या उससे अधिक अवधि तक कार्य किया है, वे इन नियुक्तियों हेतु पात्र नहीं होंगे। जिन अभ्यर्थियों ने 6 वर्ष से कम अवधि तक कार्य किया है, उनकी नियुक्ति शेष अवधि तक अर्थात कुल 6 वर्ष पूर्ण होने तक ही मान्य होगी।
2. **नियुक्ति की अवधि :**
   प्रारंभिक रूप से 6 माह अथवा वर्तमान परियोजना की अवधि तक अथवा परियोजना में प्रोजेक्ट स्टाफ के कार्य की आवश्यकता रहने तक, जो भी पहले हो। संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर परियोजना की अवधि तक नियुक्ति को प्रत्येक छह माह के चरणों में बढ़ाया जा सकता है। प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (PAT-I), प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (PAT-II), सीनियर PAT, जूनियर रिसर्च फेलो (JRF), सीनियर रिसर्च फेलो (SRF), प्रोजेक्ट असिस्टेंट-I एवं प्रोजेक्ट असिस्टेंट-II के रूप में कुल कार्यकाल किसी भी स्थिति में 6 वर्ष से अधिक नहीं होगा। यह कुल अवधि सीएसआईआर-सीरी, पिलानी तथा/अथवा सीएसआईआर की अन्य प्रयोगशालाओं/संस्थानों में एक अथवा विभिन्न परियोजनाओं में समकक्ष पदों पर व्यतीत कुल अवधि के आधार पर गणना की जाएगी।
3. सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक विज्ञापन में उल्लिखित अनिवार्य योग्यता एवं अन्य सभी शर्तों को पूर्ण करना आवश्यक होगा। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे अंतिम तिथि तक निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएँ रखते हैं।
4. अधिकतम आयु सीमा, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं/अथवा अनुभव की गणना हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि ही मान्य होगी।

5. प्रोजेक्ट एसोसिएट-I (PAT-I), प्रोजेक्ट एसोसिएट-II (PAT-II), सीनियर PAT, जूनियर रिसर्च फेलो (JRF), सीनियर रिसर्च फेलो (SRF), प्रोजेक्ट असिस्टेंट-I एवं प्रोजेक्ट असिस्टेंट-II की नियुक्ति संबंधित परियोजना के प्रायोजक की ओर से की जाएगी। ये सीएसआईआर-सीरी/सीएसआईआर के नियमित पद नहीं हैं तथा इनसे अभ्यर्थी को सीएसआईआर-सीरी/सीएसआईआर में किसी भी पद पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से दावा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

6. **आरक्षण** :
आरक्षण के संबंध में, यदि सभी परिस्थितियाँ समान हों, तो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों पर वरीयता दी जा सकती है, ताकि उनका समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन/महिला अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 5 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 3 वर्ष की छूट अथवा भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार छूट प्रदान की जाएगी।(सीएसआईआर कार्यालय ज्ञापन सं. 5-1(342)/2017-PD दिनांक 02 सितंबर, 2024)

8. अभ्यर्थियों को सीएसआईआर-सीरी के प्रोजेक्ट स्टाफ भर्ती पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियाँ अपलोड करनी होंगी :

क. अभ्यर्थियों को प्रोजेक्ट स्टाफ पदों हेतु आवेदन करते समय निम्नलिखित शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की स्कैन प्रतियाँ अपलोड करनी होंगी :

i. 10वीं कक्षा
ii. 12वीं कक्षा
iii. डिप्लोमा डिग्री
iv. स्नातक डिग्री (बी.ए./बी.कॉम./बीबीए./बीसीए./बी.एससी./बी.ई./बी.टेक. आदि)
v. स्नातकोत्तर डिग्री (एम.एससी./एम.ई./एम.टेक./एम.एस. आदि)

विज्ञापन में उल्लिखित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र/सेमेस्टर अंकतालिका अथवा अंतिम अंकतालिका अपलोड करना अनिवार्य है। इसके साथ डिग्री प्रदान प्रमाण-पत्र अथवा प्रोविजनल डिग्री प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना होगा। किसी एक प्रमाण-पत्र में प्रतिशत अथवा CGPA/DGPA स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। यदि प्रमाण-पत्र में प्रतिशत/CGPA/DGPA/ग्रेड स्पष्ट रूप से अंकित नहीं है, तो आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकता। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे जिस पद हेतु आवेदन कर रहे हैं, उसकी पात्रता सिद्ध करने के लिए उचित प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराएँ।

ख. जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (जन्मतिथि दर्शाने वाला कोई वैध प्रमाण-पत्र जैसे 10वीं कक्षा का प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र आदि)।

ग. श्रेणी प्रमाण-पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/EWS अभ्यर्थियों के लिए)।

घ. NET/GATE अथवा अन्य समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।

ङ. अनुभव प्रमाण-पत्र (उन पदों के लिए अनिवार्य, जहाँ अनुभव आवश्यक योग्यता है)।

च. अन्य प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।

9. यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा उसके पश्चात यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूर्ण नहीं करता है, तो उसकी अभ्यर्थिता बिना कोई कारण बताए निरस्त कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, चयन प्रक्रिया के संबंध में सीएसआईआर-सीरी का निर्णय अंतिम एवं सभी संबंधित पक्षों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में संस्थान किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा।

10. प्राप्त आवेदनों की जाँच विधिवत गठित स्थायी स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाएगी। परियोजना की आवश्यकता के अनुसार स्क्रीनिंग समिति अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने हेतु भिन्न-भिन्न मानदंड निर्धारित कर सकती है। समिति निर्दिष्ट परियोजना हेतु प्राप्त सभी आवेदनों की जाँच एवं शॉर्टलिस्टिंग करेगी। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन

साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन में गलत जानकारी पाए जाने पर सक्षम प्राधिकारी अभ्यर्थिता निरस्त कर सकता है तथा भविष्य में साक्षात्कार में सम्मिलित होने से वंचित कर सकता है।

11. शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से साक्षात्कार की तिथि एवं समय, ऑनलाइन माध्यम का लिंक/संदर्भ तथा अन्य नियम एवं शर्तों की सूचना दी जा सकती है। अभ्यर्थी को केवल तभी जॉइन करने की अनुमति दी जाएगी जब उसके मूल प्रमाण-पत्र/दस्तावेजों एवं अन्य विवरणों का सत्यापन सही पाया जाएगा।
12. अभ्यर्थियों के प्रदर्शन एवं उपयुक्त अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर चयन समिति भविष्य में आवश्यकता होने पर विभिन्न परियोजनाओं हेतु पैनल की अनुशंसा भी कर सकती है। नियुक्ति प्रक्रिया अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात पूर्ण मानी जाएगी।
13. यदि किसी भी चरण में पैनल में शामिल किसी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता में कोई विसंगति पाई जाती है, तो सीएसआईआर-सीरी के पास नियुक्ति प्रस्ताव को निरस्त अथवा वापस लेने का पूर्ण अधिकार होगा।
14. पदों की संख्या आवश्यकता के अनुसार बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है।
15. एचआरए सीएसआईआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा परियोजना में निधि की उपलब्धता के अधीन देय होगा।
16. अन्य नियम एवं शर्तें परियोजना स्टाफ की नियुक्ति हेतु वित्तपोषण एजेंसी/सीएसआईआर/सीरी द्वारा समय-समय पर जारी एवं संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार लागू होंगी।

**आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.06.2026 सायं 05:00 बजे तक है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

**ह./-**
**अनुभाग अधिकारी**

सी.एस.आई.आर. - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी
स्था. 1953
शोधेन सिद्धि-सामर्थ्यं
CSIR-CEERI